


# नामांकन प्रक्रियाओं के बारे में अपडेट (नवीनतम जानकारी)

## परिवारों के लिए जानकारी

## क्या बदल गया है?

किंडरगार्टन (Kindergarten) से कक्षा 12 (Year 12) तक के नामांकन प्रक्रियाओं में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं और यह सभी सरकारी स्कूल नामांकनों पर लागू होता है जो टर्म 1, 2026 में शुरू होंगे।

### गैर-स्थानीय नामांकनों के बारे में अपडेट

साल 2025 में, हमने कुछ विशेष सीखने और स्वास्थ्य-कल्याण संबंधी जरूरतों वाले छात्रों, वर्तमान में नामांकित छात्रों के भाईयों-बहनों और स्कूल कर्मचारियों के बच्चों के लिए गैर-स्थानीय नामांकन आवेदन को प्राथमिकता देने के मानदंड पेश किए।

2026 में, गैर-स्थानीय नामांकन को निम्नलिखित के लिए भी प्राथमिकता दी जाएगी:

- एबोरिजिनल और/या टॉरेस स्ट्रेट द्वीपसमूह के छात्रों को सांस्कृतिक, पारिवारिक और kinship connections की पहचान करने के लिए।
- आने वाले Kindergarten के छात्र जो NSW के सरकारी स्कूल के साथ ही में बने सरकारी प्रीस्कूल में पढ़े हैं।

### सैन्य सदस्यों के बच्चों के लिए अधिक अनुकूलनशीलता

सैन्य सदस्यों के बच्चों के स्कूल में नामांकन की आवश्यकताओं में अधिक अनुकूलनशीलता सुनिश्चित करने के लिए नामांकन प्रक्रियाओं को अपडेट किया जा रहा है, विशेष रूप से स्थानांतरण और आवास सुरक्षित करने के समय में।

### एबोरिजिनल और/या टोरेस स्ट्रेट द्वीप वासी kinship को मान्यता देना

स्कूलों में अब एबोरिजिनल और/या टॉरेस स्ट्रेट आइलैंडर छात्रों को नामांकित करने में अधिक अनुकूलनशीलता होगी, जिसमें kinship connections, सांस्कृतिक सुरक्षा, एबोरिजिनल भाषा अध्ययन तक पहुंच और सांस्कृतिक जिम्मेदारियां जैसे 'Sorry Business' शामिल हैं।

### हमारे अतिसंवेदनशील छात्रों के लिए निरंतरता

जमानत पर रिहा छात्रों और युवा न्याय केंद्रों तथा हिरासत-केंद्रों में स्थित स्कूलों से स्थानांतरण करने वाले छात्रों से संबंधित विशेष मार्गदर्शन भी शामिल किया जा रहा है और इस श्रेणी के छात्रों के स्थानीय नामांकन आवेदन अब 2 स्कूल दिनों के भीतर संसाधित किए जाएंगे।



NSW GOVERNMENT

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## क्या ये बदलाव मेरे बच्चे पर लागू होते हैं?

यदि निम्नलिखित में से कोई विकल्प आप पर लागू होता है, तो NSW के सरकारी स्कूलों में नामांकन प्रक्रियाओं में 2026 के बदलाव आपसे संबंधित हैं:

- आपका बच्चा एबोरिजिनल और/या टॉरेस स्ट्रेट आइलैंडर है और उसके साथ kinship, भाषा या सांस्कृतिक विचार जुड़े हो सकते हैं
- आपका बच्चा बाहरी देखभाल में रहा है, जमानत पर है, या युवा न्याय केंद्र या हिरासत-केन्द्र में स्थित स्कूल से स्थानांतरण कर रहा है
- आपके बच्चे के माता-पिता में से एक ने रक्षा बल में सेवा की है या वर्तमान में सेवा कर रहे हैं और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के लिए काम करने के कारण वे स्थानांतरण की आवश्यकताओं से प्रभावित हो सकते हैं।

## क्या हर स्कूल को इन बदलावों को लागू करना आवश्यक होगा?

स्कूलों की नामांकन क्षमता निर्भरता के आधार पर, स्कूलों के लिए टर्म 1, 2026 में नामांकन करने वाले छात्रों के लिए गैर-स्थानीय नामांकन में बदलाव लागू करना आवश्यक है।

गैर-स्थानीय छात्रों के नामांकन प्रक्रियाओं में बदलाव विशेषज्ञ सेटिंग्स या कार्यक्रमों के लिए पात्रता आवश्यकताओं को प्रभावित नहीं करेंगे, जैसे कि पूरी तरह से चयनित (सेलेक्टिव) स्कूल, विशेष उद्देश्यों के लिए स्कूल (schools for specific purposes (SSPs)), दूरस्थ शिक्षा स्कूल, और ऐसे स्कूल जिनकी कक्षाओं या कार्यक्रमों के लिए विशिष्ट पात्रता आवश्यकताएँ हैं (उदाहरण के लिए, अवसर कक्षाएं (ऑपरट्यूनिटी क्लासें), विशेषज्ञ खेल और/या रचनात्मक या अदाकारी कला की धाराएं)। ये स्कूल की अपनी स्वयं की प्रक्रियाओं, पात्रता मानदंडों और आकलनों के अधीन हैं और वर्तमान नामांकन प्रक्रियाओं का पालन करना जारी रखेंगे।

एकल-लिंग स्कूलों के लिए यह आवश्यक है कि वे उस स्थिति में बदलाव लागू करें अगर नामांकित बच्चा उस लिंग के लिए स्कूल की पात्रता आवश्यकता को पूरा करता है। यह जानने के लिए संबंधित स्कूल से संपर्क करें कि ये बदलाव कैसे लागू होते हैं।

## अगर मेरा बच्चा अपडेट किए गए मानदंडों को पूरा करता है तो क्या गैर-स्थानीय नामांकन के लिए मेरा आवेदन अपने आप स्वीकार कर लिया जाएगा?

ये बदलाव आपके बच्चे को गैर-स्थानीय सरकारी स्कूल में नामांकन की गारंटी नहीं देते हैं। ऐसे स्कूल जिनमें गैर-स्थानीय और स्थानीय नामांकन की सुविधा है, वे आपके आवेदन पर विचार करेंगे। जिन स्कूलों में गैर-स्थानीय नामांकन की सीमित सुविधा है, वे गैर-स्थानीय नामांकन को प्राथमिकता देंगे:

- ऐसे छात्र जिन्हें सीखने और स्वास्थ्य-कल्याण की आवश्यकता होती है और जिन्हें उचित समायोजन और/या अतिरिक्त शैक्षिक सहायता की आवश्यकता होती है, जिसमें शामिल हैं
  - सांस्कृतिक विचारों और/या पारिवारिक kinship connections संबंधों वाले एबोरिजिनल और/या टॉरेस स्ट्रेट आइलैंडर छात्र
  - विकलांग
  - विकासात्मक आयु
  - मानसिक आघात
  - बाल सुरक्षा से जुड़ी चिंताएँ
  - चिकित्सकीय और व्यक्तिगत आवश्यकताएँ और परिस्थितियाँ
- वर्तमान में स्कूल में पढ़ रहे छात्रों के भाईयों-बहनों, और सहायक इकाइयों में पढ़ रहे छात्रों के भाईयों-बहनों को प्राथमिकता दी जाएगी
- आने वाला एक नया Kindergarten छात्र जो स्कूल के साथ स्थित एक सरकारी प्रीस्कूल में पढ़ चुका है।

और अधिक जानकारी के लिए संबंधित स्कूल से संपर्क करें।

## क्या इसका मतलब यह है कि अब से केवल वे छात्र जो गैर-स्थानीय नामांकन के लिए प्राथमिकता मानदंडों को पूरा करते हैं, स्वीकार किए जाएंगे?

नहीं, माता-पिता अपने बच्चे को किसी भी सरकारी स्कूल में नामांकन कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं, यदि बच्चा स्कूल जाने का पात्र है और स्कूल उसे अपनी नामांकन सीमाओं के भीतर समायोजित कर सकता है। उन सभी स्कूलों जिनमें सीमित गैर-स्थानीय नामांकन की जगह है, उन्हें अपडेट हुए गैर-स्थानीय नामांकन मानदंडों के अनुसार प्राथमिकता देकर आवेदनों पर विचार करना होगा।

## मेरा पिछला गैर-स्थानीय नामांकन आवेदन अस्वीकार कर दिया गया था, लेकिन अब मेरा बच्चा नए मानदंडों को पूरा करता है। क्या मैं फिर से आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

हाँ। यदि आपने 2026 में अपने बच्चे को किसी गैर-स्थानीय स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए आवेदन किया था और आपका आवेदन अस्वीकृत हो गया था, तो आप फिर से आवेदन कर सकते हैं यदि आपका बच्चा अपडेट हुए गैर-स्थानीय प्रवेश मानदंडों को पूरा करता है। कृपया नीचे दिए गए अनुभाग, “मैंने अपने बच्चे का नामांकन पहले जहाँ किया है, इसे कैसे बदलूं?” में बताए गए चरणों का पालन करें।

## मैंने Year 6 से Year 7 में जाने के लिए अभिरुचि व्यक्त करने का फॉर्म (Expression of Interest (EOI)) जमा किया है। क्या मैं अपने बच्चे के नामांकन स्थान को बदल सकता/सकती हूँ?

हाँ। यदि आपके बच्चे ने अपडेट किए गए गैर-स्थानीय नामांकन मानदंडों को पूरा किया है, तो आप अपनी पसंद के गैर-स्थानीय स्कूल में एक नया आवेदन जमा कर सकते हैं, भले ही आपने पहले ही Year 6 से Year 7 संक्रमण के लिए EOI जमा किया हो। कृपया नीचे दिए गए अनुभाग में बताए गए चरणों का पालन करें, “मैं अपने बच्चे को नामांकित किए गए स्थान को कैसे बदलूं?”..

## मैं अपने बच्चे का नामांकन जहाँ हुआ है, उसे कैसे बदलूँ?

जो माता-पिता या देखभालकर्ता अपने बच्चे को गैर-स्थानीय स्कूल में नामांकन करवाना चाहते हैं, उन्हें अपना नामांकन बदलने के लिए ये कदम उठाने होंगे:

**ऑनलाइन नामांकन आवेदन**

1. उस सरकारी स्कूल की वेबसाइट पर जाएँ जिसमें आप नामांकन करना चाहते हैं, फिर मेन्यू विकल्पों में नामांकन (enrolment) पर क्लिक करें।
2. नामांकन वेबपेज पर, 'कैसे नामांकन करें' (how to enrol) शीर्षक के अंतर्गत ऑनलाइन नामांकन आवेदन (online enrolment application) के लिंक पर क्लिक करें।
3. एक बार जब आप अपने नामांकन के लिए आवेदन जमा कर देते हैं, तो स्कूल आपको एक पेशकश दे सकता है जिसे आपको 14 दिनों के भीतर स्वीकार करना होगा।
4. यदि आपका आवेदन स्वीकार कर लिया जाता है, तो अपने बच्चे के पहले नामांकित स्कूल से संपर्क करें और उस नामांकन को वापस लें।

**कागज़ पर आवेदन पत्र**

1. यह जानने के लिए गैर-स्थानीय सरकारी स्कूल से संपर्क करें कि क्या वे आपके बच्चे के लिए स्थान की व्यवस्था कर सकते हैं।
2. यदि स्कूल आपके बच्चे को जगह दे सकता है, तो कृपया नया कागजी आवेदन पत्र भरें, जो स्कूल प्रदान कर सकता है।
3. एक बार जब आप अपना नामांकन फॉर्म जमा कर देंगे, स्कूल आपको एक प्रस्ताव दे सकता है जिसे आपको 14 दिनों के भीतर स्वीकार करना होगा।
4. यदि आपका आवेदन स्वीकार कर लिया जाता है, तो अपने बच्चे द्वारा पहले नामांकित स्कूल से संपर्क करें और उस नामांकन को वापस लें।

## अगर मेरे पास स्थायी पता या आवश्यक पहचान संबंधित दस्तावेज़ नहीं हैं तो क्या होगा?

कुछ परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं जिनमें एक छात्र बिना निवास स्थान के प्रमाण के नामांकित हो सकता है। इन परिस्थितियों में सांस्कृतिक विचार, रक्षा कर्मियों के बच्चे और बाहरी देखभाल में रहने वाले बच्चे या युवा, जमानत पर रहने वाले बच्चे, या युवाओं के न्याय केंद्रों और हिरासत-केन्द्रों में स्थित स्कूलों में स्थानांतरण कर रहे बच्चे शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। यदि आपको लगता है कि यह आपकी स्थिति पर लागू हो सकता है, तो अधिक जानकारी के लिए संबंधित स्कूल से संपर्क करें।

## क्या 2025 की नामांकन नीति और प्रक्रिया में किए गए बदलाव अभी लागू हैं?

हाँ। 2025 में लागू किए गए बदलाव 2026 में नामांकन के लिए भी जारी रहेंगे। इनमें शामिल हैं:

- अस्थायी निवासी वीज़ा वाले सभी छात्र अपने आवासीय पते के आधार पर अपने स्थानीय सरकारी स्कूल में नामांकन करवा सकते हैं।
- किसी सरकारी स्कूल में वर्तमान में नामांकित छात्रों के भाईयों-बहनों को गैर-स्थानीय नामांकन के लिए प्राथमिकता दी जाती है, जिसमें पात्र मुख्यधारा के स्कूलों में सहायक कक्षाओं के छात्रों के भाईयों-बहनों को प्राथमिकता दी जाती है।
- स्कूल के कर्मचारियों के बच्चों पर एक सरकारी स्कूल में गैर-स्थानीय नामांकन के लिए विचार किया जा सकता है।

इन परिवर्तनों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, या यह देखने के लिए कि क्या ये आपके बच्चे पर लागू होते हैं, संबंधित स्कूल से संपर्क करें।

## मैं और जानकारी कहाँ पा सकता/सकती हूँ?

**नामांकन संबंधी पूछताछ के लिए, अपने पसंदीदा स्कूल से संपर्क करें। अपने स्कूल के संपर्क विवरण यहां पाएँ:**
education.nsw.gov.au/find-a-public-school

**NSW सरकारी स्कूल में नामांकन कैसे करें, इसकी अधिक जानकारी के लिए:**
education.nsw.gov.au/enrolment

**एक अस्थायी निवासी के रूप में NSW सरकार के स्कूल में नामांकन कैसे करें, इस पर अधिक जानकारी के लिए:**
https://www.deinternational.nsw.edu.au/

**सामान्य नामांकन पूछताछ के लिए, शिक्षा विभाग के मुख्यालय से संपर्क करें:** 1300 679 332

**टेलीफोन दुभाषिया सेवा**

अगर आपको किसी स्कूल या शिक्षा विभाग से संपर्क करने में मदद करने के लिए दुभाषिए की जरूरत है, तो कृपया 13 14 50 पर टेलीफोन दुभाषिया सेवा को कॉल करें और अपनी भाषा में दुभाषिए के लिए कहें। ऑपरेटर को वह फोन नंबर बताएं जिसे आप कॉल करना चाहते हैं और ऑपरेटर बातचीत में आपकी सहायता के लिए लाइन पर दुभाषिए को जोड़ देगा। इस सेवा के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।